तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

3 अप्रैल में बढ़ी 15 मेगावाट से अधिक विद्युत की खपत, लोड बढ़ने पर ट्रांसफार्मर दे रहे जवाब



# शादी समारोह से लौट रही दो छात्राओं का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

- वंदना क्षेत्र की घटना, पुलिस ने समय पर नहीं कराया एमएलसी, एफआईआर में भी देरी, जिपं सदस्य ने लगाया लापरवाही का आरोप

सरगुजा में दो आदिवासी छात्राओं का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। छात्राएं शादी समारोह में शामिल होने गई थी और लौटते वक्त बाइक से पहुंचे लगभग 10 युवकों ने चार नाबालिग सहेलियों का अपहरण कर लिया। इस दौरान दो छात्राएं किसी तरह उनके चंगुल से बचकर भागने में कामयाब हो गई लेकिन दो नाबालिग छात्राओं को आरोपियों ने पकड़ लिया। आरोपियों में से चार ने एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया जबकि दूसरी के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। बड़ी बात यह है कि घटना की शिकायत के बाद भी समय रहते एमएलसी और एफआईआर की प्रक्रिया नहीं की गई। जिपं सदस्य ने भी इस मामले को दबाने और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले को प्रकाश में लाया। फिलहाल पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि 24 अप्रैल को सीतापुर के वंदना गांव से कक्षा 7वीं-8वीं में पढने वाली 13-14 साल की चार सहेलियां शादी समारोह में शामिल होने के लिए पास के गांव दलदलीपारा गई हुई थी। शादी समारोह से वापस लौटते समय रात लगभग 10 बजे चार से पांच बाइक में सवार 9-10 युवकों ने नाबालिग लड़कियों को घेर लिया। इस दौरान उन्होंने नाबालिग लकड़ियों को डराने का प्रयास किया और फिर जबरन अपनी अपनी बाईक पर बिठाकर अलग अलग रास्ते पर निकल गए। आरोप है कि इनमें से चार युवकों ने एक नाबालिग को जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया जबकि दूसरी नाबालिग छात्रा को भी दो युवकों ने ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपियों ने छात्राओं के साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। दुष्कर्म के बाद आरोपी नाबालिग छात्राओं को छोड़कर भाग निकले। होश आने के बाद देर रात छात्राएं किसी तरह अपने घर पहुंची। बताया जा रहा है कि घटना के बाद छात्राएं काफी तकलीफ में थी। इस दौरान परिजन ने जब उनसे पूछताछ की तो उन्होंने घटना की जानकारी दी। सूचना के बाद परिजन छात्राओं को लेकर 26 अप्रैल को सीतापुर थाना पहुंचे थे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 70(2) व पोक्सो एक्ट की धारा 4(2), 5(छ), 6 के तहत मामला किया है।

## बाइक से कूदी, कई किमी तक किया पीछा

बताया जा रहा है कि घटना के दौरान चार में से एक नाबालिग किसी तरह भागकर झाड़ियों में छिप गई थी जिससे वह बच गई थी। इसके साथ ही एक नाबालिग छात्रा को युवक बाइक पर बिठाकर अपने साथ लेकर जा रहे थे लेकिन हिम्मत जुटाकर छात्रा बाइक से कूद गई। इस दौरान वह घायल हो गई। बाइक से कूदकर छात्रा खेत के रास्ते भागने लगी। भाग रही छात्रा का आरोपियों ने मंगारी तक पीछा किया लेकिन छात्रा किसी तरह वंदना में पदस्थ शिक्षक के घर में जाकर छिप गई और अपने चाचा को घटना की सूचना दी। परिजन के साथ 25 अप्रैल को छात्रा ने सीतापुर थाना में शिकायत दर्ज कराई।

### 5 वें दिन कराया एमएलसी

इस मामले में अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटना 24 अप्रैल की रात हुई थी। इसके बाद 25 को डरी सहमी छात्राओं ने किसी को कोई जानकारी नहीं दी। बड़ी बात यह है कि शिकायत के सीतापुर थाने में मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। मामला प्रकाश में आने व जिपं सदस्य द्वारा इस मामले को उजागर किए जाने के बाद 29 अप्रैल को पुलिस छात्राओं को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची थी जहां दोनों छात्राओं की एमएलसी कराई गई। हालांकि सीतापुर थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने एमएलसी के आधार पर छात्राओं से दुष्कर्म की घटना से इनकार किया है। वहीं अब मेडिकल कॉलेज में एमएलसी के बाद छात्राओं को पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती किया गया है और जांच रिपोर्ट का इंजतार किया जा रहा है।

## मामले को दबाने का आरोप

बड़ी बात यह है कि आदिवासी छात्राओं से सामूहिक दुष्कर्म के मामले को दबाने का आरोप लगा है। जिपं सदस्य रतनी नाग का आरोप है कि उन्हें घटना की सूचना मिली कि मांझी समुदाय की छात्राओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई है। जिसके बाद उन्होंने परिजन से मुलाकात करने के साथ ही सीतापुर थाना पहुंचकर मामले की जानकारी ली। आरोप है कि शिकायत के बाद समय पर छात्राओं की ना ही एमएलसी कराई गई और ना ही एफआईआर दर्ज किया गया। जिपं सदस्य ने कहा की इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया गया। पुलिस प्रशासन घटना को लेकर सुस्त है और छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटना से इनकार कर रहा है जबकि 7वीं-8वीं में पढ़ने वाली छात्राएं झूठ नहीं बोलेंगी। नाबालिग छात्राएं युवकों को जानती भी नहीं है। पुलिस लापरवाही कर रही है और सिर्फ एक मामले में दुष्कर्म का अपराध दर्ज किया गया जबकि दूसरे मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में तत्काल अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी होनी चाहिए।

### चल रही है विवेचना

महिला उत्पीड़न के मामले में थाना सीतापुर में 26 अप्रैल को प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध प्रथम सूचना दर्ज की गई है। प्रकरण में साक्ष्य संकलन किया जा रहा है, पीड़िताओं का मेडिकल परिक्षण कराया गया है। प्रकरण में एक आरोपी एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर प्रकरण में विवेचना की जा रही है।

**अमोलक सिंह ढिल्लो**
एएसपी सरगुजा

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती 2026 हेतु निःशुल्क कोचिंग के लिए पंजीयन आज तक

**अम्बिकापुर।** उपसंचालक रोजगार ने बताया कि अग्निवीर भर्ती हेतु 13 फरवरी से 10 अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीयन हेतु तिथि निर्धारित थी। ऑनलाइन पंजीकृत आवेदकों को लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग दिया जाना है। कोचिंग 4 मई से 4 जून प्रस्तावित हैं इच्छुक पंजीकृत आवेदक 30 अप्रैल तक रोजगार विभाग के पोर्टल में अग्निवीर भर्ती 2026 की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन में क्लिक कर प्रशिक्षण हेतु अपना पंजीयन करा सकते है अथवा अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वारोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर से संपर्क किया जा सकता है।

### बिना पूर्व स्वीकृति के अवकाश पर प्रस्थान करने पर रोक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सुशासन तिहार एवं जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को दृष्टिगत रखते हुए परिपत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि कोई भी शासकीय सेवक सक्षम प्राधिकारी द्वारा अवकाश स्वीकृत किए जाने से पूर्व अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने सर्व कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर कहा है कि बिना पूर्व स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित रहना स्वैच्छिक अनुपस्थिति मानी जाएगी और इसे सेवा नियमों के तहत ब्रेक इन सर्विस (सेवा में व्यवधान) के रूप में देखा जा सकता है। सभी शासकीय सेवक को आकस्मिक अवकाश की स्थिति में भी यथासंभव दूरभाष या डिजिटल माध्यम से पूर्ण सूचना देना अनिवार्य होगा, जिसकी लिखित पुष्टि कार्यालय आगमन के तत्काल बाद करनी होगी। अवकाश परिस्थिति में लंबे अवकाश (अर्जित अवकाश आदि) पर जाने से पूर्व संबंधित शासकीय सेवक को अपने कार्यों का प्रभार अन्य अधिकारी- कर्मचारी को विधिवत सौंपना अनिवार्य होगा। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### हर्ष जायसवाल ने 10 वी में प्राप्त किया 94 प्रतिशत अंक

**लखनपुर।** लखनपुर नगर पंचायत के छात्र हर्ष जायसवाल ने सीजीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



छात्र हर्ष प्रयास रेसीडेंटल ब्वॉय स्कूल रायपुर में सीजीबीएसई बोर्ड में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया उन्होंने अपने इस सफलता के लिए गुरुजन एवं माता-पिता को श्रेय दिया है। छात्र के शानदार सफलता से पूरे लखनपुर में हर्ष का माहौल है। हर्ष जायसवाल पिता संतोष जायसवाल माता साधना जायसवाल के पुत्र हैं।

### जिले में 1 मई से 10 जून तक आयोजित होंगे जन समस्या निवारण शिविर

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत विकासखण्डों में निर्धारित ग्राम पंचायत में शिविर स्थल पर 1 मई से 10 जून के दौरान जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं शासकीय योजनाओं के प्रति व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित की जाएगी। हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र/प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे एवं आवेदन (मांग/शिकायत) लिए जाएंगे। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जारी आदेशानुसार सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाने हेतु स्थान, तिथि एवं दिन का निर्धारण किया गया है एवं शिविर के सफल आयोजन हेतु प्रभारी अधिकारी एवं सहायक नियुक्त किए गए हैं।

## 12वीं बोर्ड में मजदूर के बेटे ने जिले में हासिल किया प्रथम स्थान

# बोर्ड परीक्षा में सरगुजा को फिर हाथ लगी निराशा, टॉप-10 में नहीं हो सका शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- विशेष कक्षाओं के बाद भी परिणाम बेहतर नहीं, बलरामपुर और सूरजपुर जिले का भी यही हाल

बुधवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए है। इस बार बोर्ड परीक्षा में सरगुजा संभाग को निराशा हाथ लगी है। सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर किसी भी जिले से कोई भी विद्यार्थी प्रदेश की टॉप-10 की सूची में शामिल नहीं हो सका है। टॉप-10 में जिलों से किसी भी छात्र-छात्रा के शामिल नहीं होने से वर्ष भर कराई गई पढ़ाई और जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग की तैयारियों को लेकर सवाल खड़े हो गए है। इसके साथ ही इस बार जिले का कुल परीक्षा परिणाम भी घट गया है। 10वीं बोर्ड में जिले का परीक्षा परिणाम 83.09 प्रतिशत और 12वीं में 80.56 प्रतिशत रहा। वहीं जिले की बात की जाए तो 12वीं बोर्ड में मल्टी परपज स्कूल के बाबा आशीष केरकेट्टा ने 94.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान तो वहीं 10वीं बोर्ड में प्रयास विद्यालय की ज्योति साहू ने 97.33 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है।

बता दें कि बुधवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई है। इस बार के बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरगुजा संभाग के तीनों जिलों को निराशा हाथ लगी है। जिलों में की भी छात्र छात्रा 10वीं और 12वीं बोर्ड में टॉप-10 में अपनी जगह नहीं बना पाया है। बड़ी बात यह है कि टॉप-10 को लेकर इस बार सरगुजा जिले से काफी उम्मीद लगाईं गई थी और बच्चों को टॉप-10 में शामिल करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सरगुजा सुपर 30 के नाम से विशेष कोचिंग सुविधा प्रदान की गई थी। बच्चों को आवासीय सुविधा देकर शिक्षकों के माध्यम से बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराई जा रही थी लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि इस बार भी सरगुजा जिला टॉप-10 में अपनी जगह बनाने में विफल रहा। हालांकि सरगुजा जिले के ओवर ऑल परीक्षा परिणाम की बात की जाए तो 10वीं बोर्ड में जिले का परिणाम 83.09 प्रतिशत रहा। सरगुजा में 10वीं बोर्ड में 4327 छात्र- 5404 छात्राओं के साथ 9731 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से परीक्षा में 9555 विद्यार्थी शामिल हुए। मंडल द्वारा 9514 बच्चों के परिणाम घोषित किए गए है जिनमें 4133 ने प्रथम, 3634 ने द्वितीय और 139 ने तृतीय स्थान हासिल किया है। इसे साथ ही 1126 परीक्षा में फेल हुए है। इसी तरह 12वीं बोर्ड की बात की जाए तो यहां सरगुजा जिले का परिणाम 80.56 प्रतिशत रहा। 12वीं बोर्ड में 3353 बालक व 4677 बालिका समेत कुल 8030 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे और इनमें से 7956 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। मंडल द्वारा 7940 छात्र छात्राओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए है। इनमें से 3491 ने प्रथम, 2792 ने द्वितीय और 114 ने तृतीय स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही 665 परीक्षा में फेल हो गए है। परीक्षा में कुल 6397 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। वहीं सरगुजा जिला ने 12वीं बोर्ड में प्रदेश में 25वां और 10वीं बोर्ड में 16वां स्थान हासिल किया है।



टॉपर बच्चे को सम्मानित करते शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य।

## सूरजपुर जिले के परिणाम में वृद्धि

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में सूरजपुर जिले से भी टॉप-10 में कोई जगह नहीं बना सका। सूरजपुर जिले का 12वीं का कुल परीक्षाफल 86.46 प्रतिशत तथा 10वीं का परीक्षाफल 82.75 प्रतिशत रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में 12वीं के परिणाम में लगभग 14 प्रतिशत एवं 10वीं के परिणाम में लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। 12वीं बोर्ड में जिले से कुल 8158 विद्यार्थी पंजीकृत हुए थे। परीक्षा में 8081 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 8067 का परिणाम घोषित किया गया। इनमें से कुल 6975 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 2863 बालक एवं 4112 बालिकाएं हैं। प्रथम श्रेणी में 4147, द्वितीय श्रेणी में 2724 तथा तृतीय श्रेणी में 103 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.22 तथा बालिकाओं का प्रतिशत 88.86 रहा। इसी तरह 10वीं बोर्ड में सूरजपुर जिले में कुल 10170 विद्यार्थी पंजीकृत हुए, जिनमें 4547 बालक एवं 5623 बालिकाएं थीं। परीक्षा में 10002 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा 9938 का परिणाम घोषित हुआ। कुल 8224 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें प्रथम श्रेणी में 4466, द्वितीय श्रेणी में 3560 तथा तृतीय श्रेणी में 198 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 79.22 एवं बालिकाओं का प्रतिशत 85.54 रहा है।

### बलरामपुर जिले का परिणाम 84 प्रतिशत

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में बलरामपुर जिले को भी निराशा मिली और भी भी विद्यार्थी टॉप-10 में शामिल नहीं हो पाया। इस बीच जिले के परिणाम की बात की जाए तो 12वीं बोर्ड में जिला का परीक्षाफल 84.29 प्रतिशत रहा। जिले में कुल 6949 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे जिनमें से 6876 परीक्षा में शामिल हुए। बोर्ड द्वारा 6866 विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए है और इनमें से 3455 ने प्रथम, 2253 ने द्वितीय और 80 ने तृतीय स्थान हासिल किया। परीक्षा में कुल 5788 उत्तीर्ण हुए है जबकि 433 फेल हुए है। इसी तरह 10वीं बोर्ड की बात की जाए तो यहां कुल 9325 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 9141 परीक्षा में शामिल हुए। बोर्ड द्वारा 9081 विद्यार्थियों के परिणाम घोषित किए गए है जिनमें से 4510 ने प्रथम, 2967 ने द्वितीय और 209 ने तृतीय स्थान हासिल किया है। परीक्षा में कुल 7686 पास हुए जबकि 958 फेल हुए है। 10वीं बोर्ड में जिले का परिणाम 84.63 प्रतिशत रहा।

## मल्टी परपज और प्रयास के बच्चों ने पाई सफलता

बोर्ड परीक्षा में जिलेवार परीक्षा परिणाम की बात की जाए तो 12वीं बोर्ड में इस आर्ट्स विषय से पढ़ाई करने वाले शासकीय मल्टी परपज स्कूल के





छात्र बाबा आशीष केरकेट्टा आ. गुड्डा केरकेट्टा ने 94.40 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में पहला स्थान हासिल किया है। आशीष केरकेट्टा के माता-पिता मजदूरी करते है और इसके साथ ही छात्र भी स्वयं अपने माता-पिता के साथ खेत में काम करता है। चुनौतियों के बीच छात्र ने बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल किया है। जिले में प्रथम आने पर जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने सम्मानित किया। वहीं 12वीं बोर्ड में जिले में द्वितीय स्थान प्रयास आवसीय विद्यालय की छात्रा कलिश कुमारी ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ हासिल किया है। जिले में 10वीं बोर्ड की बात की जाए तो प्रयास आवासीय विद्यालय की छात्रा ज्योति साहू ने 97.33 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया है जबकि द्वितीय स्थान वेदिका राजवाड़े ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया है।

### सुपर 30 के बच्चे पास लेकिन कोइ कमाल नहीं

जिले का नाम टॉप-10 की सूची में लाने के लिए ही जिला प्रशासन द्वारा सरगुजा सुपर 30 के नाम से आवासीय सुविधा के साथ कोचिंग कक्षाएं चलाई जा रही है लेकिन इसका कोई ख़ास परिणाम नहीं मिला। बोर्ड में टॉप-10 तो क्या जिले की प्रावीण्य सूची में भी स्थान नहीं बना पाया। हालांकि 10वीं बोर्ड में प्रयास से अधिकतम 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ सुप्रिया कुशवाहा ने बेहतर परिणाम हासिल किया है और 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए है।



# घर में लगी आग, जिंदा जला पूर्व पंचायत सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

सूरजपुर जिला अंतर्गत दूरस्थ ग्राम उमझर में तड़के स्कूलपारा में एक घर में भीषण आग लग गई। इस दौरान घर में सो रहे पूर्व सचिव आग से घिरने के कारण बाहर नहीं निकल सके तथा आग में जिंदा जल गए। इस घटना से गांव में शोक की लहर है।

ग्राम उमझर स्कूल पारा निवासी पूर्व पंचायत सचिव ईश्वर सिंह आयाम (55 वर्ष) अपने कमरे में अकेले सो रहे थे। उनकी पत्नी अपने बच्चों के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में गई थी। बजाया जा रहा है बुधवार की सुबह 7 बजे ईश्वर सिंह अपने घर में सो रहे थे। इस दौरान घर में अचानक आग लग गई तथा देखते ही देखते आग ईश्वर सिंह के घर में फैल गई। आग की ऊंची लपटें उठती देख आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तथा आग बुझाने की कोशिशे भी की। आग पूरे घर में फैलने के कारण ग्रामीणों को आग बुझाने में सफलता नहीं मिल सकी। इस दौरान कमरे में सो रहे ईश्वर सिंह आग से घिरने के कारण बाहर नहीं निकल सके तथा आग में जिंदा जल गए। आग से पूर्व पंचायत सचिव का पूरा घर एवं घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया तथा शव को पीएम के लिए भेजवाया। पैरावट एवं घर में आग कैसे लगी अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। ग्रामवासी पुरानी रंजिश में किसी व्यक्ति द्वारा आग लगाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पूर्व सचिव ने अपने घर से सटी खाली जमीन में मचान बनाकर पैरावट का भण्डारण किया था। घर के छप्पर से सटे होने के कारण पैरावट की आग पूरे घर में फैल गई तथा देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।

### बीड़ी-शराब का आदी था मृतक

मोहरसोप चौकी प्रभारी कमलेश कुमार पाठक ने बताया कि पूर्व पंचायत सचिव बीड़ी एवं शराब पीने का आदी था तथा सालो भर पैरावट का बिस्तर बनाकर सोता था। आग पहले पूर्व सचिव के कमरे में स्थित पुआल के बिस्तर में लगी तथा धीरे-धीरे पूरे घर में फैल गई। घर के दूसरे कमरे में पंचायत सचिव की बहु अपने बच्चे के साथ सोई थी। कमरे में धुंआ एवं आग फैलने पर वह किसी तरह दरवाजा खोलकर बाहर निकली तथा शोर मचाने लगी तो ग्रामवासी घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन तब तक आग पूरे घर में फैल चुकी थी। अनुमान लगाया जा रहा है बीड़ी की चिंगारी से आग पुआल के बिस्तर में फैली होगी तथा कमरे में धुंआ भरने के कारण पूर्व सचिव अचेत हो गया तथा आग की चपेट में आकर जल गया होगा। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एबीईओ ने शिक्षकों से की अवैध वसूली कलेक्टर से शिकायत के बाद हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चार सदस्यीय टीम ने शुरू की जांच

शिक्षकों से अवैध वसूली की शिकायत के बाद कलेक्टर अजीत वसंत ने सख्त रुख अपनाया है। जनदर्शन में की गई शिकायत के बाद एबीईओ को तत्काल प्रभाव से हटाकर मूल पदस्थापना स्थल पर भेज दिया गया है वहीं अब इस मामले में मामले में चार सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। टीम को तीन दिनों के भीतर जांच कर अपना अभिमत देने का निर्देश डीईओ दिनेश झा ने दिया है।

बता दें कि सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखनपुर मनोज कुमार तिवारी के खिलाफ लखनपुर क्षेत्र के शिक्षकों ने जनदर्शन में शिकायत की थी। इस शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एबीईओ मनोज कुमार तिवारी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी का सील लगा शिक्षकों से 2000 से 3000 रुपए वसूल किया जा रहा है और उन्हें डराया धमकाया जा रहा है। धमकी और अवैध वसूली से परेशां होकर उन्होंने जनदर्शन में शिकायत की थी जिसके बाद कलेक्टर अजीत वसंत ने मामले में जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के बाद मनोज तिवारी को एबीईओ के चार्ज से हटाकर मूल पद पर भेजा गया इसके साथ ही डीईओ दिनेश झा के निर्देश पर गठित जांच टीम ने अपनी जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को टीम ने पीड़ित शिक्षकों सहित ढोढाकेसरा प्राचार्य एवं खंड शिक्षा अधिकारी का बयान साथ ही अभियुक्त मनोज तिवारी का बयान लिया। ढोढाकेसरा स्कूल से उपस्थिति पंजी भी ले लिया गया है और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि किस आदेश से एबीईओ को नियुक्ति के बाद भी मूल पदस्थापना पर नहीं भेज कर खंड शिक्षा कार्यालय में कार्यरत रखा गया है। टीम अपनी रिपोर्ट तीन दिन में सौंपेगी। इस संबंध में डीईओ दिनेश झा ने बताया कि शिकायत के बाद एबीईओ को हटा दिया गया था और इस मामले की जांच के लिए टीम का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर ने सर्वेक्षण अभियान में भागीदार बनने किया लोगों से आह्वान

# उदयपुर के झिरमिट्टी में मिली लगभग 250 वर्ष पुरानी पाण्डु लिपि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत व्यापक सर्वेक्षण के दौरान उदयपुर विकासखण्ड के ग्राम झिरमिट्टी में लगभग 250 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपि प्राप्त हुई, जिनका डिजिटल संरक्षण 'ज्ञानभारतम' एप के माध्यम से किया गया। मौके पर ही मोबाइल के जरिए पांडुलिपी की फोटो अपलोड कर उन्हें जिओ टैग किया गया।

अभियान के अंतर्गत सर्वेक्षण के दौरान जिले में मिली यह पांडुलिपि ग्राम झिरमिट्टी के निवासी शैलेंद्र मिश्रा के घर से प्राप्त हुई। इसके बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि विवाह के पश्चात उनकी पत्नी श्रीमती रश्मि शुक्ला अपने मायके से इस पांडुलिपी को लेकर आयी थीं। ये मध्यप्रदेश के सतना जिला के कोठरी पोस्ट के ग्राम खटोला में रश्मि के पांच पीढ़ी पूर्व उनके पूर्वज स्व. बलदेव शुक्ला के द्वारा लिखा गया है। शैलेंद्र बताते हैं कि मेरे ससुर रमेश चंद्र शुक्ला ने इसके विषय में मुझे बताया कि यह रचना लगभग 1776 के आसपास की गई है। पूरी रचना अवधी



में है, पांडुलिपि रामचरित मानस पर आधारित है, पांडुलिपि सुस्पष्ट एवं आकर्षक है। यद्यपि अत्यधिक पुरानी होने के कारण क्षतिग्रस्त हो चली है। सर्वेक्षण दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शारदा अग्रवाल, जिला समिति के विशेषज्ञ सदस्य श्रीश मिश्र, सीईओ जनपद पंचायत उदयपुर वेदप्रकाश गुप्ता, सहायक प्राध्यापक खेमकरण अहिरवार तथा सम्बंधित उपस्थित रहे। पांडुलिपि को जिओ टैग करने का कार्य श्रीश मिश्र द्वारा किया गया। बता दें कि कलेक्टर एवं ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिला समिति के अध्यक्ष अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा जिपं सीईओ एवं समिति के सदस्य सचिव विनय अग्रवाल के निर्देशन में जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के लिए ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण' अभियान 15 मार्च से जारी है जो 15 जून तक चलेगा। कलेक्टर श्री वसंत ने लोगों से प्राचीन पांडुलिपियों को नष्ट होने से बचाने के लिए चलाए जा रहे इस सर्वेक्षण अभियान में सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़े आदि में हस्तलिखित सामग्रियों की जानकारी देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्राचीन ज्ञान परंपरा को संरक्षित करने का ऐतिहासिक प्रयास है।

## खबर संक्षेप



### सरगुजा के दो बास्केटबॉल खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ राज्य टीम में चयन

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ से दो खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ राज्य टीम में हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में ईलिस्बा तिर्की और अनामिका चौबे शामिल हैं, जो आगामी ऑल इंडिया ओपन बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2026 बनारस में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह टूर्नामेंट देशभर के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करता है, जिसमें सरगुजा के खिलाड़ियों को मौका मिलना जिले के खेल विकास के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सरगुजा के खिलाड़ियों का ऑल इंडिया स्तर पर चयन होना बेहद गर्व की बात है। यह उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सरगुजा क्षेत्र के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं, जो क्षेत्र में खेलों के बढ़ते स्तर को दर्शाता है। इस अवसर पर दोनों खिलाड़ियों को सरगुजा जिला बास्केटबॉल परिवार के सभी पदाधिकारी व खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### कोल कामगारों के ड्रेस कोड में नए बदलाव के आदेश

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों के लिए एक अहम फैसला लेते हुए ड्रेस कोड में बड़ा बदलाव किया है,कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 490 वीं बैठक में लिए गए इस निर्णय को अब आधिकारिक रूप दे दिया गया है, जिसके तहत पूरे संगठन में एक नई और सुसंगठित वेशभूषा व्यवस्था लागू होगी। 28 अप्रैल को जारी कार्यालय आदेश के अनुसार अब कंपनी के पुरुष कर्मचारियों को ग्रे शर्ट और ब्लैक पैंट में नजर आना होगा।वहीं महिला कर्मचारियों के लिए भी विशेष रूप से आकर्षक ड्रेस कोड तय किया गया है। वे मैरून कुर्ता-कमीज के साथ ब्लैक सलवार-दुपट्टा या ग्रे कुर्ता-कमीज के साथ ब्लैक सलवार-दुपट्टा पहन सकेंगी। इसके अलावा, उन्हें ग्रे-मैरून रंग की साड़ी के साथ ब्लैक ब्लाउज धारण करने का विकल्प भी दिया गया है, जिससे पारंपरिक और आधुनिक दोनों ही परिधानों का संतुलन बना रहेगा। कंपनी ने कर्मचारियों की सुविधा का भी ध्यान रखते हुए कर्मचारियों को सालाना साढ़े 12 हजार रुपए तक की एडवांस राशि दिए जाने की बात कही गई है, जिससे वे तीन या उससे अधिक जोड़ी यूनिफॉर्म आसानी से तैयार करा सकें। इससे कर्मचारियों पर आर्थिक बोझ कम होगा और वे निर्धारित ड्रेस कोड का पालन सहजता से कर सकेंगे।इस फैसले को कंपनी में अनुशासन, एकरूपता और पेशेवर माहौल को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नगर के 15 वार्ड की बड़ी आबादी नगर पालिका के नियमित जल प्रदाय पर है आश्रित

# कनहर नदी में जेसीबी मशीन से कराया जा रहा डबरी का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**

■ कनहर नदी का जलस्तर होने लगा है कम

कनहर नदी का जलस्तर कम होने से अब नगर पालिका की चिंता बढ़ा दी हैं। आलम यह है कि अब नगर में नियमित पेयजल सप्लाई के लिए नदी में जेसीबी की मदद से डबरी खुदवाना पड़ रहा है। अप्रैल माह से ही जल स्तर नीचे गिरने से कनहर नदी से पानी कम होने होने पर नगर पालिका के हाथ पैर फूलने लगे है। गर्मी के मौसम में नगर पालिका ने संभावित जल संकट से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में नदी के भीतर डबरी का निर्माण कराया गया है, ताकि जल संग्रहण कर नगर में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

रामानुजगंज की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूर्णतः कनहर नदी पर आश्रित है जो कि ग्रीष्म ऋतु आते आते सूखने लगती है, वर्तमान में नदी का जल स्तर गिरने लगा है। ऐसे में अब नगर पालिका द्वारा नगर में पेयजल की संकट से निपटने की तैयारियों शुरू कर दी है। नगर में पेयजल सप्लाई बाधित न हो इसे ध्यान में रखकर जेसीबी से कनहर नदी में डबरी निर्माण कराया जा रहा है जिससे शहर में जलापूर्ति की जा सके। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कनहर नदी में बनाए गए डबरी का निरीक्षण किया और वहां चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि आने वाले समय में जल संकट की स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटा जा सके। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान में नगर में जल प्रदाय व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है और नागरिकों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी आशंका जताई कि आने वाले दिनों में जल संकट गहराने की संभावना है, जिसे देखते हुए नगर पालिका द्वारा अग्रिम तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार डबरी का आकार और बड़ा किया जाएगा ताकि अधिक मात्रा में पानी का संचयन किया जा सके। साथ ही यदि किसी क्षेत्र में पानी की कमी होती है, तो वहां टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में आवश्यकतानुसार टैंकर भेजने की व्यवस्था भी की गई है। गौरतलब है कि नगर की आबादी करीब 25 हजार से अधिक है और नगर में 1 से लेकर 15 वार्ड की बड़ी आबादी नियमित जल आपूर्ति के लिए पूर्णतः नगर पालिका के नियमित जल प्रदाय पर आश्रित है। ऐसे में यदि एक दिन भी जल की आपूर्ति बाधित होती है तो इससे हजारों लोग प्रभावित होते हैं। प्रत्येक वर्ष नगर में अप्रैल माह से लेकर बारिश आने तक पेयजल की आपूर्ति करने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। अभी तक नगर पालिका क्षेत्र में नियमित जल आपूर्ति निर्बाध रूप से हो रही है। आने वाले दिनों में नगर में जल आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए नगर पालिका द्वारा कन्हर नदी में बड़े डबरी का निर्माण कराया जा रहा है।



कनहर नदी में डबरी बनाते जेसीबी।

### प्रतिदिन चाहिए 12 से 14 लाख लीटर पानी

नगर पालिका क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह शाम मिलकर 12 से 14 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है परंतु गर्मी के दिनों में 8 से 10 लाख लीटर तक ही पानी नियमित जलापूर्ति के लिए जमा हो पा रहा है। ऐसे में नागरिकों को अधिकाधिक पानी उपलब्ध हो इसके लिए नगर पालिका द्वारा तैयारियां की जारी है।

### हो सकती है पेयजल की समस्या

कनहर नदी अमूमन मई माह के दूसरे पखवाड़े में सूख जाती है। लेकिन अप्रैल माह में भीषण गर्मी पड़ने तथा लगातार जल स्तर नीचे चले जाने से कनहर नदी अप्रैल माह में ही सूखने के कगार पर पहुंच गई थी। जबकि अभी मई और जून के गर्मी बाकी है। ऐसी स्थिति में नगर में पेयजल की समस्या गहराने की संभावना है।

### नहीं होगी जलापूर्ति बाधित

प्रत्येक वर्ष अप्रैल से जून तक कन्हर के सूख जाने से नियमित जल आपूर्ति करना बड़ी चुनौती रहती है। आने वाले दिनों में नियमित जल आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए जेसीबी के माध्यम से बड़े आकार का डबरी निर्माण कराया जा रहा है। टैंकरों के माध्यम से भी हर मोहल्ले तक पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी के सहयोग से इस बार भी जल आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

-**रमन अग्रवाल**, नगर पालिका अध्यक्ष



# ग्राम सतपता स्थित शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध कब्ज़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ अतिक्रमणकारियों ने तहसीलदार से दो बार अतिरिक्त समय मांगने के बाद भी स्वयं से नहीं हटाया था कब्ज़ा

कलेक्टर सूरजपुर के द्वारा जारी राजस्व प्रकरण आदेश के परिपालन में राजस्व अमले ने 29 अप्रैल दिन बुधवार को पुलिस बल के साथ ग्राम सतपता में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूर्ण की। यह कार्रवाई विजय शर्मा बनाम दुर्गा यादव प्रकरण में पारित आदेश दिनांक 5 फरवरी 2025 के पालन में की गई है,पिलखा उप तहसील की नायब तहसीलदार श्रीमती मीना सिंह ने बताया कि खसरा नंबर 37, रकबा 0.75 हेक्टेयर के शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए दुर्गा यादव, हंसराज यादव एवं सत्यनारायण यादव का अवैध कब्जा पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है,वहीं विनोद यादव और बलिराम यादव के आंशिक सामान पाए जाने पर जनप्रतिनिधियों के अनुरोध पर उक्त सामान ग्राम पंचायत सतपता को सुपुर्द किया गया है,प्रशासन द्वारा मलबा हटाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत सतपता को सौंपी गई है और संबंधित भूमि भी पंचायत को हस्तांतरित कर दी गई है,ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने बताया कि उक्त भूमि पर ग्राम सभा द्वारा सार्वजनिक शेड निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया है,इस कार्रवाई से शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।बता दें कि अतिक्रमण हटाने की उक्त कार्यवाही लंबे समय से लंबित थी जिसके कारण सूरजपुर कलेक्टर द्वारा जारी बेदखली आदेश की अवहेलना हो रही थी, इसी के परिपालन में निराकरण करते हुए पूर्ण रूप से अवैध कब्जा हटाया गया गया।प्राप्त जानकारी अनुसार अतिक्रमणकारी पूर्व उपसरपंच सतपता दुर्गा यादव, विनोद यादव समेत अन्य ने पिलखा नायब तहसीलदार से दो बार कब्ज़ा स्वयं से हटा लेने के लिए अतिरिक्त समय माँगा था लेकिन लम्बी समय अवधि गुजर जाने पश्चात भी शासकीय भूमि में बनाये अपने मकान व अहाता को खाली नहीं किया था जिसके कारण बुधवार को नायब तहसीलदार पिलखा मीना सिंह व पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन चलवाकर शासकीय जमीन को कब्ज़ा मुक्त कराया गया है, इस दौरान नायब तहसीलदार पिलखा मीना सिंह सहित राजस्व अमले की टीम बिश्रामपुर टीआई प्रकाश राठौर दलबल के साथ उपस्थित रहे, यहां बिना किसी अवरोध के अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पूरी की गई।

# प्रभारी उप पंजीयक की लेटलतीफी से व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

■ आम जनता को चुकानी पड़ रही हैं इसकी कीमत

प्रभारी उप पंजीयक की मनमानी एवं लेटलतीफी से उप पंजीयक कार्यालय की व्यवस्था काफी चरमरा गई है। रजिस्ट्री के लिए दूरदराज से आने वाले लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रभारी की लेटलतीफी की वजह से लोगों को रजिस्ट्री कार्य के लिए कार्यालय के बाहर घंटों इंतजार करना पड़ता है। इतना ही नहीं विरोध करने पर रजिस्ट्री में ढेर सारी त्रुटियां निकालकर काम लंबित कर दिया जाता है।

विदित हो कि विधानसभा क्षेत्र सीतापुर का एकमात्र उप पंजीयक कार्यालय इन दिनों अव्यवस्था का शिकार हो गया है। कार्यालय में पूर्णकालिक उप पंजीयक की पदस्थापना नहीं होने के कारण रजिस्ट्री का काम काफी हद तक प्रभावित हो चला है। दरअसल पूर्व में यहां पदस्थ उप पंजीयक रॉबर्ट तिर्की को जिला में संलग्न करने के बाद से कार्यालय की व्यवस्था काफी चरमरा गई है। उप पंजीयक के जाने के बाद महिला लिपिक को प्रभारी उप पंजीयक बनाया गया है। जब से उन्होंने उप पंजीयक का प्रभार संभाल है तब से कार्यालय की व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। प्रभारी की मनमानी और कार्यालय आने में लेटलतीफी इसकी मुख्य वजह है। जिसकी कीमत रजिस्ट्री के सिलसिले में दूर दराज क्षेत्र से आने वाले लोगो को चुकानी पड़ रही है। प्रभारी के लेटलतीफी की वजह से कार्यालय में काम का बोझ बढ़ने लगा है जिसकी वजह से रजिस्ट्री कार्य के लिए लोगों को घंटों कार्यालय के बाहर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। कई बार घंटो इंतजार में बैठे लोगों की बारी आने तक कार्यालय में अवकाश का समय हो जाता है और लोगों को बिना काम कराए वापस लौटना पड़ जाता है। घंटों इंतजार के बाद भी काम नही होने पर कई बार कार्यालय में विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस दौरान अगर कोई प्रभारी उप पंजीयक के देर से आने पर सवाल खड़े कर दे तब तो बात और भी बिगड़ जाती है। जिसके बाद प्रभारी उप पंजीयक सवाल खड़े करने वाले के कामों में इतनी त्रुटियां निकाल देती है कि उसे पूरा कर पाना उसके लिए नामुमकिन हो जाता है और उसका काम ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। उप पंजीयक कार्यालय में बढ़ती अराजकता को लेकर लोगों ने पूर्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप प्रभारी की जगह पूर्व में पदस्थ उप पंजीयक रॉबर्ट तिर्की की पदस्थापना की मांग की थी लेकिन जिले के उच्चाधिकारियों ने इसे अनसुना कर दिया जिसकी वजह से उनकी लोगों अधूरी रह गई। उप पंजीयक कार्यालय में व्याप्त अव्यवस्था के बारे में जानकारी होने के बाद भी उच्चाधिकारियों की चुप्पी से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में लोगों ने उप पंजीयक कार्यालय में पूर्णकालिक उप पंजीयक की पदस्थापना की मांग की है ताकि रजिस्ट्री कार्य मे होने वाली परेशानी से मुक्ति मिल सके और कार्यालय में व्यवस्था बहाल हो सके।

### सुधार हो मेरी यही कोशिश रहेगी

इस संबंध में तहसीलदार रुपाली मेश्राम ने बताया कि पूर्व में मुझे ये जिम्मेदारी दी गई थी। फिलहाल ये जिम्मेदारी उप पंजीयक कार्यालक की महिला लिपिक संभाल रही है। उप पंजीयक कार्यालय में कार्यवाही के लिए मैं अधिकृत नही हूं, इसके बाद भी सुधार हो मेरी यही कोशिश रहेगी।

**रुपाली मेश्राम**, तहसीलदार

### कार की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** चावल खरीदकर घर लौट रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर चोट लगने से बाइक सवार एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा कठरा निवासी विजय कोडाकू आ. बिसुनराम सोमवार को बाइक क्रमांक सीजी 15 ईके 7464 से साढू मुन्ना कोडाकू के साथ अपने ससुराल ग्राम गोटगवा चिटका बहार गया था। ससुराल से साढू के साथ बाइक से चावल लेने प्रतापपुर गया और चावल लेकर वापस घर लौटने लगे तभी बछोर नाला के समीप विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना मुन्ना के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**मानी-पोड़ी, जिला- सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. अ-6 (मूल मामला)
ग्राम-गेतरा
वर्ष 2024-25

-:: ईश्तहार::-

आम जनता ग्राम गेतरा एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक कलेश्वर आ.आगर साय, उम्र 65 वर्ष, जाति गोड़ निवासी ग्राम गेतरा तहसील व जिला सूरजपुर छ.ग. आवेदक के अधिकार व स्वामित्व की भूमि ग्राम गेतरा स्थित खसरा नंबर 83/2 रकबा 0.0430 हे. भूमि स्थित है। वाद भूमि सेटेलमेंट की भूमि है वर्ष 2014-15 के बी-1 में भूमि स्वामी मद में दर्ज थी वर्ष 2016-17 की बी-1 में नाम छुट गया है, जिसके सुधार करने हेतु इस न्यायालय को आवेदन पत्र एवं अन्य राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त आवेदन पर इस न्यायालय द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

एतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप दिनांक 04.05.2026 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है। नियत समय के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
उप तहसील मानी-पोड़ी
जिला सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार / कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला– सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रमांक B/121/25-26

// इश्तहार //

आम जनता ग्रामवासी ग्राम छिन्दिया को सूचित किया जाता है कि श्री मंगल साय आ.श्री शेषमन जाति पण्डो निवासी ग्राम छिन्दिया थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला - सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा अपने पिता शेषमन आ.धीरसाय का मृत्यु दिनांक 15/05/2009 के होने से अपने पिता शेषमन आ.धीरसाय (पन्द्रह मई दो हजार नौ) मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

जिस किसी आम जनता/ ग्रामवासियों को कोई आपत्ति / आक्षेप हो, वह अपना आपत्ति दिनांक 03/05/26 को इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 17/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रामानुजनगर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

# ब्राह्मण समाज की बैठक, निंदा प्रस्ताव पारित

■ राम सेवक गुप्ता के बयान को बताया आपत्तिजनक, स्पष्टीकरण की मांग

**रामानुजगंज।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर राम सेवक गुप्ता द्वारा दिए गए बयान को लेकर ब्राह्मण समाज ने विरोध दर्ज किया है। समाज के सदस्यों ने बैठक कर वक्तव्य की निंदा करते हुए इसे सामाजिक समरसता के खिलाफ बताया और सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण की मांग की।

कनहर नदी तट स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज के लोगों ने एकमत से निंदा प्रस्ताव पारित किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अंबेडकर जयंती जैसे सम्मानित अवसर पर किसी भी समाज विशेष को लेकर इस प्रकार की टिप्पणी करना अनुचित है और इससे समाज में वैमनस्य फैल सकता है। बैठक में यह भी कहा गया कि इतिहास एक जटिल विषय है, जिसे तथ्यों और संतुलन के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। किसी एक समाज को दोषी ठहराना या उसके प्रति अपमानजनक टिप्पणी करना सामाजिक सौहार्द के विपरीत है। सार्वजनिक मंचों से ऐसे बयान देने से बचना चाहिए, खासकर उन अवसरों पर जो एकता और प्रेरणा का संदेश देते हैं। समाज के सदस्यों ने राम सेवक गुप्ता से अपने बयान पर पुनर्विचार कर सार्वजनिक रूप से माफी या स्पष्टीकरण देने की अपेक्षा जताई। बैठक में लाल बिहारी चौबे, विकास दुबे, विपिन पाठक, प्रमोद मिश्रा, शैलेश दुबे, रमेश मिश्रा, मनोज तिवारी, उज्जवल तिवारी, दिवाकर द्विवेदी, गोरख पांडेय, विनय कुमार पांडेय, वेद प्रकाश तिवारी, रोहित चौबे, पारस पांडेय, ब्रजेश पांडेय, विष्णु पांडेय, अर्पित तिवारी और श्याम कुशल पांडेय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### लकड़ी लेने जंगल गई महिला पर हाथियों ने किया हमला, महिला की हालत गंभीर

**मैनपाट।** जंगल में लकड़ी लेने गई महिला पर हाथियों ने हमला कर दिया। हाथियों के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया। बुधवार को शाम 4 बजे शांति मांझी पति मुन्ना मांझी ग्राम कंडराजा स्थित जग्गुपोखरी जंगल में लकड़ी लेने गई थी। इस दौरान पास के जंगल में भ्रमण कर रहे 13 सदस्यीय दल के दो हाथी जग्गुपोखरी जंगल में पहुंचे थे। महिला को देखते ही हाथी उसकी ओर बढ़ने लगे। सामने से हाथियों को आते देख शांति भागने लगी। हाथियों ने तेजी से दौड़ते हुए महिला पर हमला कर दिया जिससे वह गिरकर लहूलुहान हो गई। महिला के गिरने के बाद हाथी वहां से चले गए। इस दौरान घायल महिला के चिल्लाने की आजवा सुनकर ग्रामीण पहुंचे तथा घटना की जानकारी वनकर्मियों को दी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने गंभीर रूप से घायल शांति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया है। वनकर्मियों के अनुसार जग्गुपोखरी जंगल में ही 13 हाथियों का दल मौजूद है। शाम में दल का एक दंतैल हथिनी के साथ जग्गुपोखरी जंगल में पहुंच गया था तथा महिला पर हमला करने के बाद वापस दल में शामिल हो गया है। दल से अलग होकर एक दंतैल फुलवारी जंगल में जबकि दूसरा दंतैल डांडकेसरा जंगल में भ्रमण कर रहा है। हाथियों के अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण करने से ग्रामीण काफी भयभीत है।

TOP IN SURGUJA

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 9 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### न्यायालय परिसर में वरिष्ठ नागरिक संघ ने शुरू किया शीतल जल प्याऊ

**सूरजपुर।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ नागरिक संघ द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य दूर-दराज के गांवों से न्यायालय आने वाले ग्रामीणों, राहगीरों एवं पक्षकारों को भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकने की परेशानी से मुक्ति दिलाना है। ताकि हर जरूरतमंद को समय पर शीतल जल उपलब्ध हो सके। प्याऊ के उद्घाटन अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती विनिता वार्नर ने वरिष्ठ नागरिक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल पानी पिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वरिष्ठ नागरिक संघ ने इस पहल के माध्यम से समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन का संदेश भी दिया है। विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पायल टोपनो ने कहा कि पक्षकारों के लिए यह जल सेवा किसी वरदान से कम नहीं है। न्यायालय परिसर में आने वाले लोगों को इस सुविधा से बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक संघ के संयोजक लालचन्द अग्रवाल, अध्यक्ष एवं राज्य अधिवक्ता संघ के सदस्य अनिल गोयल, संरक्षक हरिदास अग्रवाल,एसके तिवारी, पवन मित्तल, आरएस मिश्रा, बलराम शर्मा, राजेश गोयल, राजू दास, सुशील निगम, शोभु दुबे, प्रमेन्द्र कुशवाहा, अशोक यादव, गजानन्द साहू, जयेश दनौदिया, दुर्गा, आरपी यादव एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता तथा पक्षकार उपस्थित रहे।

### कृषि विभाग ने दी किसानों को संतुलित उर्वरकों के उपयोग की सलाह



**सूरजपुर।** खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को संतुलित उर्वरकों के उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी उर्वरक संग्रहण केन्द्रों एवं सेवा सहकारी समितियों में फ्लैक्स, पोस्टर तथा मैदानी अमले के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कृषि विभाग ने बताया कि खरीफ फसलों में सामान्यतः किसान यूरिया, डीएपी एवं पोटाश का अधिक उपयोग करते हैं, लेकिन केवल एक या दो उर्वरकों पर निर्भर रहने से भूमि की उर्वरकता प्रभावित होती है। इसलिए भूमि की उत्पादक क्षमता बनाए रखने, फसल उत्पादन बढ़ाने तथा खेती की लागत कम करने के लिए संतुलित उर्वरकों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। विभाग द्वारा किसानों को डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों एवं अन्य रासायनिक खाद समूहों के समुचित उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है, ताकि वे अपनी फसलों की आवश्यकता के अनुसार उचित पोषण प्रबंधन कर सकें। उप संचालक कृषि सुश्री संपदा पैकरा ने किसान कहा कि वे वैज्ञानिक पद्धति से संतुलित उर्वरकों का उपयोग करें, जिससे बेहतर उत्पादन के साथ-साथ भूमि की सेहत भी सुरक्षित रह सके।

### विवि शिक्षण विभाग के बजरंग को मिली यूजीसी जेआरएफ फेलोशिप

**अम्बिकापुर।** एसजीजीयू शिक्षण विभाग के छात्र बजरंग देवांगन का चयन पीएचडी हेतु यूजीसी जेआरएफ फेलोशिप के लिए किया गया है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले ने बजरंग देवांगन को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि भविष्य में इस तरह की सुविधा सभी के विद्यार्थियों को मिलनी चाहिए। इस तरह की उपलब्धियां विवि की शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा शोध संस्कृति को सुदृढ़ करती है। कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने इस उपलब्धि को विवि के लिए गर्व का विषय बताया। महेश देवांगन ने जैव प्रौद्योगिकी में पीएचडी के लिए यूजीसी की फेलोशिप हासिल की है। वे अपना शोध कार्य सहायक प्राध्यापक डॉ.अमृता कुमारी पांडा के मार्गदर्शन में पूरा करेंगे।

### ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट से निपटने प्रशासन तैयार

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रीष्म ऋतु के दौरान संभावित पेयजल संकट को देखते हुए जिले में पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण, सुचारू संचालन एवं प्रभावी संधारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला एवं उपखंड स्तर पर विशेष पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ 30 जून तक प्रभावी रहेगा और प्रतिदिन प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक सक्रिय रूप से कार्य करेगी। जारी आदेशानुसार पेयजल समस्या से संबंधित सभी शिकायतों, डाक एवं पत्राचार का संचालन संबंधित शाखा द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक नियंत्रण प्रकोष्ठ में शिकायतों के पंजीकरण के लिए विशेष रजिस्टर संधारित किया जाएगा, जिसमें प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण, संबंधित सहायक अभियंता/उपअभियंता को सूचना, तथा शिकायतों के तिथिवार निराकरण की स्पष्ट जानकारी दर्ज की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से हलाकान हो रहे लोग

# अप्रैल में बढ़ी 15 मेगावाट से अधिक विद्युत की खपत, लोड बढ़ने पर ट्रांसफार्मर दे रहे जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- मांग बढ़ने के कारण दूरस्थ क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की समस्या

भीषण गर्मी में विद्युत खपत में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। गर्मी के दौरान खपत बढ़ने पर ट्रांसफार्मर जवाब दे रहे हैं। उपकरणों में आई खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण लोग पसीना से तरबतर हो रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में लोग लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। विभाग प्रभावित क्षेत्रों की मांग एवं खपत को नियंत्रित करने लगातार उपकेन्द्रों की क्षमता को बढ़ा रहा है इसके बावजूद समस्या दूर नहीं हो रही है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही विद्युत खपत में लगातार वृद्धि हो रही है। अप्रैल महीने में विद्युत की खपत बढ़कर 115 मेगावाट पहुंच गई है। विद्युत अधिकारियों के अनुसार सामान्य दिनों में शहरी क्षेत्र में 40 मेगावाट बिजली की खपत होती थी जो अप्रैल में बढ़कर 50 मेगावाट से अधिक पहुंच गई है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत खपत में 20 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य दिनों में 95 मेगावाट विद्युत की खपत होती थी जो अप्रैल में बढ़कर 115 मेगावाट पहुंच गई है। भीषण गर्मी पड़ने के कारण शहरी क्षेत्रों में एसी के उपयोग में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है साथ ही लोग बड़ी संख्या में कूलर का उपयोग कर रहे हैं। विद्युत उपकरणों के उपयोग में भी लगातार वृद्धि हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जियों की फसल को बचाने के लिए किसान लगातार सिंचाई पंप चला रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों में भी एसी एवं कूलर का उपयोग बढ़ने के कारण विद्युत खपत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। खपत अचानक बढ़ने से ट्रांसफार्मर जवाब दे रहे हैं साथ ही फ्यूज हो जा रहे है। इस दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण लोग पसीना से तरबतर हो जा रहे है। विभाग मांग एवं खपत को नियंत्रित करने लोड को लगातार डायवर्ट कर रहे हैं लेकिन लगातार कोशिशों के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है। समस्या के निराकरण के लिए विभाग ने 23 नए विद्युत उपकेंद्र बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। विभाग के प्रस्ताव पर दूरस्थ क्षेत्रों की लो-वोल्टेज की समस्या के निराकरण के लिए शासन ने 3 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से विद्युत समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा।



### बनेंगे 23 नए विद्युत उपकेन्द्र

अप्रैल में ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत खपत बढ़ी है तथा दरिमा, उदयपुर, बतौली आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। विभाग ने इन क्षेत्रों में स्थित विद्युत उपकेन्द्रों में अधिक क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति को नियंत्रित करने की पहल की है। क्षेत्र की मांग के अनुरूप विद्युत आपूर्ति करने के लिए विभाग ने 23 नए विद्युत उपकेंद्र बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। लो-वोल्टेज की समस्या के निराकरण के लिए विभाग ने 300 नए ट्रांसफार्मर लगाने की योजना बनाई है। शासन ने इसके लिए 3 करोड़ की स्वीकृति भी प्रदान की है।

### 20 दिन प्रभावित रहा उत्पादन

अप्रैल के प्रारम्भिक दिनों में गर्मी बढ़ने के साथ ही अचानक खपत बढ़ गई। कोरबा स्थित विद्युत उत्पादन इकाईयों में खपत के अनुरूप उत्पादन नहीं होने के कारण भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। पूर्व में विश्रामपुर स्थित 220 केवी विद्युत उपकेन्द्र से विद्युत आपूर्ति को नियंत्रित किया जा रहा था। विद्युत उत्पादन प्रभावित होने पर विभाग ने कोटमीकला स्थित विद्युत उपकेन्द्र में 100 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाकर बैकुण्ठपुर की 40 एमबीए विद्युत खपत डायवर्ट कर नियंत्रित किया। इसी तरह राजपुर से आ रही विद्युत लाइन से धौरपुर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

### बढ़ा इंडक्शन चूल्हे का उपयोग

ईरान युद्ध के कारण रसोई गैस एवं डीजल-पेट्रोल की खपत प्रभावित होने के बाद विद्युत आधारित इंडक्शन चूल्हा एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग में बेतहाशा वृद्धि हुई है। रसोई गैस संकट से बचने लोग घर-घर में इंडक्शन चूल्हे का उपयोग कर रहे हैं। हाल के दिनों में बैटरी आधारित इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों की रूचि बढ़ी है तथा बड़ी संख्या में लोग इन वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। इंडक्शन चूल्हा एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को भी विद्युत खपत बढ़ने का कारण माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त एसी, कूलर एवं विद्युत उपकरण में हो रही उत्तरोत्तर वृद्धि को भी विद्युत खपत का कारण माना जा रहा है। शहरी क्षेत्र में एसी, कूलर के बिना जीवन कठिन हो गया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी एसी-कूलर की मांग बढ़ गई है।

### बढ़ी है खपत

अप्रैल में विद्युत खपत 20 फीसदी बढ़ी है जिसके कारण समय-समय पर उपकेन्द्र में फ्यूज होने की समस्या हो रही है मांग एवं खपत को नियंत्रित करने विभाग द्वारा लगातार पहल की जा रही है। समस्या के समाधान के लिए 23 नग विद्युत उपकेन्द्र खोलने का प्रस्ताव को भेजा गया है तथा 15 उपकेंद्रों के लिए स्थल का चयन कर लिया गया है।

**-रोशन नागवंशी**
ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग

## भारतीय वुडबॉल टीम में सरगुजा के आकाश दुबे का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- हांगकांग में आयोजित प्रतियोगिता में होंगे शामिल

सरगुजा वुडबॉल संघ से आकाश दुबे का चयन भारतीय वुडबॉल टीम में हुआ है। अब वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर हांगकांग इंटरनेशनल वुडबॉल चौंपियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए बताया कि सरगुजा जैसे क्षेत्र से खिलाड़ी का भारतीय टीम में चयन होना बहुत गर्व की बात है। आकाश दुबे ने अपनी कड़ी मेहनत से यह स्थान हासिल किया है। आकाश दुबे पूर्व में कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मेडल हासिल किया। और राष्ट्रीय प्रतियोगिता व ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चौंपियनशिप में निर्णायक की भूमिका निभाई है। हमें पूरा विश्वास है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे।



आकाश दुबे ने यह उपलब्धि अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर हासिल की है, जो उन्होंने भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित ओपन इंटरनेशनल चयन ट्रायल में दिखाया था। और इंडिया कैंप में उनकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 30 अप्रैल से 4 मई तक हांगकांग में आयोजित होगी, जहां आकाश दुबे भारतीय टीम का हिस्सा बनकर देश के लिए पदक जीतने का प्रयास करेंगे। आकाश दुबे का भारतीय टीम में चयन होने पर छत्तीसगढ़ वुडबॉल संघ के सचिव जितेंद्र पटेल,के.पी. सिंह, गौरव सिंह,सौरभ सिंहा, रजत सिंह समेत सरगुजा वुडबॉल संघ व सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### विमान के काफी नीचे मंडराने से लोग रहे भयभीत सोशल मीडिया में वायरल हो रहा वीडियो

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत केवरा, भैंसामुंडा में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक इंडिगो का विमान जमीन से महज 150 से 200 मीटर की ऊंचाई पर काफी देर तक मंडराता रहा। कम ऊंचाई पर लगातार चक्कर लगाते विमान को देखकर ग्रामीणों में भय और कौतूहल दोनों का माहौल बन गया। लोगों को आशंका होने लगी कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए।स्थानीय लोगों के अनुसार विमान का लैंडिंग गियर नीचे निकला हुआ दिखाई दे रहा था, जिससे यह अंदेशा जताया जा रहा है कि तकनीकी खराबी के कारण विमान सामान्य ऊंचाई नहीं पकड़ पा रहा था या फिर पायलट विमान को जमीन के नीचे में सुरक्षित जगह पर लैंडिंग करना चाहता था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विमान धरमपुर से कोटिया, केवरा भैंसमुंडा सहित कई स्थान पर तीन से चार बार चक्कर लगाता हुआ देखा गया। काफी नीचे विमान के मंडराने पर कौतूहल का विषय बन गया। घटना के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए और आसमान की ओर टकटकी लगाए विमान की गतिविधियों को देखते रहे। कई लोगों ने अपने मोबाइल से फोटो और वीडियो भी बनाए, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। आसपास के गांव में चक्कर लगाने के बाद विमान कहां गया इसकी कोई जानकारी नहीं है। हालांकि अब तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है कि विमान में वास्तव में कोई तकनीकी खराबी आई थी या यह किसी अन्य कारण से नीचे उड़ान भर रहा था। प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से भी अभी तक कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है।



### राजकुमार पब्लिक स्कूल शिवनंदनपुर के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** राजकुमार पब्लिक स्कूल, शिवनंदनपुर का कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं (हिंदी माध्यम) में शानदार प्रदर्शन प्रीति रजवाड़े ने 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया,नवीन ठाकुर 93.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय और नेहा सिंह नायक 92.16 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।वहीं कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम की छात्रासंजना रजवाड़े ने 94.6 प्रतिशत अंक के साथ टॉप किया,खुशी रजवाड़े ने 83.6 प्रतिशत और वर्तिका सिंह ने 83.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया।इसके अलावा बारहवीं कक्षा की सुहाना गुप्ता ने 92 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया,सीमा साहू 85.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय और मोहम्मद जावेद 81.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे,विद्यालय प्रबंधन और प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया गया।

### शारदा उमा विद्यालय सतपता के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम





छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा 2026 में शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतपता के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं में नरगिस फातिमा ने 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं आयुषी राजवाड़े ने 87.83 प्रतिशत, राधा राजवाड़े एवं श्रेष्ठ शाही ने 87.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। इसी तरह कक्षा 12वीं में आयुषी सिंह ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। संभी राजवाड़े ने 84.2 प्रतिशत और नीलम पाण्डेय ने 83.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक शेष नारायण क्षत्रिय और शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नपं बिश्रामपुर परिषद की बैठक में पेयजल कर वसूली का मामला उठा, कुछ पार्षदों ने कर वसूली का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सिर्फ एक तिहाई हिस्से की हो रही कर वसूली, नपं में गहरा सकता है वित्तीय संकट



नगर पंचायत बिश्रामपुर में बुधवार को संपन्न हुई परिषद की बैठक में भी पेयजल वसूली का मुद्दा मुख्य चर्चा में रहा,साथ ही बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में पारित न होने पर निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया,इसके अलावा अन्य कई मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी चर्चा उपरांत रणनीति तैयार की गई,गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर में बुधवार को परिषद की बैठक अध्यक्ष निर्मला यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में पारित न होने पर भाजपा पार्षदों द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण निर्णय में नगर पंचायत बिश्रामपुर के पेयजल वसूली को लेकर भी बैठक में मुद्दा उठा, मामले में कुछ पार्षदों ने वसूली पर रोक लगाने तो कुछ पार्षदों ने शुरू रखने को लेकर अपने अपने मत रखे, लेकिन बावजूद इसके अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका। बैठक में बारिश के पूर्व की तैयारियों व अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की गई। ज्ञात हो कि नगर पंचायत बिश्रामपुर पूरा क्षेत्र एसईसीएल की कोल लीज भूमि पर है। यहां करीब 2230 क्वार्टर एसईसीएल के हैं और लगभग 1500 झुग्गी बस्तीवासी भी इसी भूमि में रहते हैं। एसईसीएल अपने कर्मचारियों को कॉलोनी में बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराता है, लेकिन इसी बीच नगर पंचायत द्वारा लगाए गए सबमर्सिबल मोटरपंपों से भी बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी पानी का उपयोग कर रहे हैं,यही विवाद की असली जड़ बनी हुई है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत बिश्रामपुर में नई सरकार के गठन के बाद 29 अप्रैल 2025 को हुई परिषद की बैठक में प्रति घर 60 रुपए प्रति माह पेयजल कर वसूली का निर्णय लिया गया था,मई माह से जल कर वसूली की प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई थी। परिषद का कहना था कि नगर पंचायत के खर्चों की भरपाई और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह कदम उठाना जरूरी है, लेकिन इस फैसले का कॉलोनीवासियों और झुग्गी बस्ती के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। उनका कहना है कि जब एसईसीएल पहले से मुफ्त पानी दे रहा है तो नगर पंचायत को पानी कर देना न्याय संगत नहीं है।इसके साथ ही झुग्गी बस्ती निवासी आर्थिक तंगी का हवाला देकर 60 रुपए प्रतिमाह देने में अपनी असमर्थता जता रहे हैं। नगर पंचायत बिश्रामपुर प्रबंधन का तर्क है कि उसके मोटरपंपों का इस्तेमाल हो रहा है और उनका रखरखाव की जिम्मेदारी हमें उठानी पड़ रही है। ऐसे में बिना कर वसूली के पेयजल आपूर्ति को नियमित बनाए रखना संभव नहीं है,बावजूद इसके करीब एक वर्ष बीतने के बाद भी महज करीब सवा चार लाख रुपए की ही वसूली होना परिषद की मुश्किलें बढ़ा रहा है, जो कुल तय की गई निर्धारित वसूली का एक तिहाई हिस्सा ही है। सूत्रों की मानें तो यदि कर वसूली की रफ्तार इसी तरह धीमी रही तो नगर पंचायत को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ सकता है। लोगों का मानना है कि यह विवाद तभी सुलझ सकता है जब नगर पंचायत बिश्रामपुर प्रबंधन और एसईसीएल प्रबंधन आपसी सहमति से जिम्मेदारी तय करें। यदि ऐसा नहीं हुआ तो न केवल नगर पंचायत की आय प्रभावित होगी बल्कि नागरिकों को पानी की आपूर्ति में भी दिक्कतें आ सकती हैं। परिषद की बैठक में मुख्य रूप से नपं बिश्रामपुर सीएमओ सुशील तिवारी, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पार्षद संजीत यादव, मालती तिग्गा, अर्चना लकड़ा, राहुल खतरकर, विनोद सरवटे, रविन्द्र विश्वकर्मा, अमरेश प्रसाद,शकुंतला सोनी के अलावा नपं कर्मी अरविंद यादव, व अन्य उपस्थित थे।

## जपं सभा कक्ष में हुई सामान्य सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- महिला सशक्तिकरण और नारी वंदन से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा



जनपद पंचायत में सामान्य सभा की बैठक सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष विनय भगत की अध्यक्षता में गणपूर्ति के बाद प्रारंभ हुई, जिसमें उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, सदस्य एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत महिला सशक्तिकरण और नारी वंदन से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के साथ हुई। अध्यक्ष श्री भगत ने सदन को अवगत कराया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को वर्ष 2029 के आम चुनाव में लागू करने के उद्देश्य से लाया गया 131 वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस विषय पर विपक्षी दलों के रवैये की निंदा करते हुए जनपद पंचायत राजपुर द्वारा सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद पंचायत क्षेत्र में सुशासन तिहार अंतर्गत कुल पांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत 6 मई को कोटडीह, 13 मई को गोपालपुर, 21 मई को अलखडीहा, 29 मई को खोडरो और 5 जून को सिधमा में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और शासकीय योजनाओं की जानकारी देने पर विशेष जोर रहेगा। सामान्य सभा के दौरान विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रगति और योजनाओं की जानकारी सदन के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक में शिवनाथ जायसवाल, जनपद सीईओ संजय दुबे, एसडीओ जानू राम सोनवानी एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी जनपद सदस्य उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## भाजपा मण्डल अध्यक्ष पर अनावश्यक रूप से दबाव डालने का आरोप लगाया पंचायत सचिव संघ ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी




प्रदेश पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों ने जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरियों में संचालित कार्यों को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए जिपं सीईओ व भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। संघ ने आरोप लगाया है कि बरियों मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल द्वारा पंचायत सचिव को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है तथा प्रशासनिक कार्यों में हस्तक्षेप किया जा रहा है।

ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम पंचायत बरियों में सीएससी सेंटर के निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद मंडल अध्यक्ष द्वारा यह कहते हुए कि उक्त कार्य उनकी पहल से स्वीकृत हुआ है। पंचायत एजेंसी से कार्य छीनकर स्वयं कराने का प्रयास किया जा रहा है। सचिव संघ के अनुसार यह प्रक्रिया नियमों के विपरीत है। मामले में तब विवाद बढ़ गया जब निर्माण कार्य पूर्ण हुए बिना ही पूर्णता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया गया। पंचायत एजेंसी एवं संबंधित सचिव ने स्पष्ट रूप से यह कहते हुए हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया कि जब तक कार्य पूरी तरह से पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा सकता। सचिव संघ का आरोप है कि मंडल अध्यक्ष द्वारा तथ्यों से परे एवं मिथ्या आरोप लगाकर उच्च अधिकारियों के समक्ष शिकायत की गई, जिससे प्रशासनिक तंत्र की छवि धूमिल हो रही है। संघ का कहना है कि इस प्रकार की घटनाओं से पंचायत सचिवों का मनोबल टूट रहा है और वे अपने दायित्वों का निर्वहन करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। संघ की मांग है कि बिना उचित जांच के किसी भी प्रकार की स्थानांतरण या अन्य कार्रवाई न की जाए। साथ ही इस प्रकार का व्यवहार जारी रहा तो जिले का पंचायत सचिव संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।






संस्कारों से युक्त सशक्त शिक्षा की आधार शिला **युगांतर के साथ...**

# YUGANTAR PUBLIC SCHOOL

Enroll your child in a Premier Residential-cum-Day School

## ADMISSIONS OPEN 2026-27

A HOME AWAY FROM HOME...
A FUTURE BUILT FOR LIFE.



New Sections Coming Up

Pre-Nur | Nur | KG-1 | KG-2 | 1st | 2nd | 3rd | 6th | 9th | 11th

ADMISSIONS CLOSED
CLASSES - 4th, 5th, 7th & 8th

10th Board के मेधावी विद्यार्थियों के लियें युगांतर स्कूल की अभिनव योजना,

Class 11th (Bio., Maths & Comm.)

## SCHOLARSHIP*

95% & Above — पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा (Total Free Education)

FOR CLASS XI & XII

| MARKS | HOSTELLER | DAYSCHOLAR |
|---|---|---|
| 90 to 94.99% | 1,20,000/- | 60,000/- |
| 85 to 89.99% | 40,000/- | 25,000/- |

## Free Coaching

CBSE + NEET/JEE की तैयारी

विद्यालयीन समयावधि में कक्षा 11वीं व 12वीं
में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के (निःशुल्क)

EXPERT FACULTIES द्वारा

C-TOP ACADEMIC PROGRAM
NEET/JEE
Foundation classes from classes 6th to 9th








Give your child the best education CHOOSE YUGANTAR!

- CHILD-CENTERED EDUCATION
  Individual attention & encouragement
- EXPERIENCED & CARING TEACHERS
  Dedicated mentors who guides with patience & love
- INNOVATIVE TEACHING METHODS
  Blending values with modern techniques
- FOCUS ON CONFIDENCE BUILDING
  Encouraging students to speak, express & lead
- FUTURE-READY LEARNING
  Skills for the modern world
- SECURITY & SAFETY
  Secure Campus, Caring Hearts, Confident Futures - Because Your Child's Safety Is Our First Priority.
- BALANCED GROWTH
  Academics, activities & personality development

ADMISSION ENQUIRY
9302763200, 94255 61811

Address - Gram - Parri, G.E. Raod, Rajnandgaon, Chhattisgarh 491441

yugantar.school@gmail.com www.yugantarschool.com